केन्द्रीय विद्यालय संगठन

KENDRIYA VIDYALAYA SANGATHAN

शिक्षा एवं प्रशिक्षण का आंचलिक संस्थान, चंडीगढ़

ZONAL INSTITUTE OF EDUCATION & TRAINING, CHANDIGARH

# योग्यता आधारित अधिगम

# COMPETENCY BASED LEARNING

## कक्षा - आठवीं

## CLASS- VIII

## विषय - हिन्दी

## SUBJECT- HINDI





**‘ध्वनि’**

प्रश्न-1 जब एक शब्द एक से अधिक बार एक साथ प्रयुक्त होता है और अर्थ वही रहता है तो उसे पुनरुक्त शब्द कहते हैं। प्रस्तुत पंक्तियों से पुनरुक्त शब्द छाँटकर लिखिए।

| पंक्तियाँ | पुनरुक्त शब्द |
|---|---|
| (क) वसंत का आगमन अभी-अभी हुआ है। | |
| (ख) वृक्ष हरे-हरे पत्तों से भर गए हैं। | |
| (ग) मैं पुष्प-पुष्प से तंद्रालस लालसा खींच लूँगा। | |
| (घ) भूदान आंदोलन का घर-घर प्रचार किया गया। | |
| (ङ) बारिश होने से गली-गली में पानी भर जाएगा। | |

प्रश्न-2 निम्नलिखित शब्दों के दो-दो समानार्थी शब्द बताइए।

| शब्द | समानार्थी शब्द |
|---|---|
| (क) मृदुल | |
| (ख) वन | |
| (ग) पुष्प | |
| (घ) गात | |
| (ङ) अमृत | |

प्रश्न-3 निम्नलिखित काव्य-पंक्तियों को पूरा कीजिए।

| पंक्ति | अगली पंक्ति |
|---|---|
| (क) अभी-अभी ही तो आया है | |
| (ख) हरे-हरे ये पात | |
| (ग) फेरूँगा निद्रित कलियों पर | |
| (घ) पुष्प-पुष्प से तंद्रालस लालसा खींच लूँगा मैं, | |
| (ङ) हैं मेरे वे जहाँ अनंत - | |

प्रश्न-4 विशेषण जिस संज्ञा या सर्वनाम की विशेषता बताता है, उसे विशेष्य कहते हैं। निम्नलिखित विशेषण शब्दों के लिए उचित विशेष्य शब्द लिखिए।

| विशेषण | विशेष्य |
|---|---|
| (क) मृदुल | |
| (ख) हरे-हरे | |
| (ग) निद्रित | |
| (घ) तंद्रालस | |
| (ङ) कोमल | |

प्रश्न-5 संज्ञा या सर्वनाम की विशेषता बताने वाले पदों को विशेषण कहते हैं। विशेषण के चार प्रकार हैं- गुणवाचक विशेषण, संख्यावाची विशेषण, परिमाणवाचक विशेषण और सार्वनामिक विशेषण। निम्नलिखित उदाहरणों में विशेषण के प्रकार बताइए।

| उदाहरण | विशेषण का प्रकार |
|---|---|
| (क) राजस्थान में काला पत्थर मिलता है। | |
| (ख) शहर में कोई जादूगर आने वाला है। | |

(ग) खीर बनाने के लिए पाँच लीटर दूध चाहिए।

(घ) इस पक्षी विहार में पक्षियों की बीस प्रजातियाँ हैं।

(ङ) पर्वतीय क्षेत्रों में ऊँचे वृक्ष दिखाई देते हैं।

प्रश्न-6 निम्नलिखित संज्ञा शब्दों को विशेषण शब्द में बदलिए।

| संज्ञा | विशेषण |
|---|---|
| (क) भारत | |
| (ख) गुलाब | |
| (ग) शिक्षा | |
| (घ) पत्थर | |
| (ङ) विष | |

## **'लाख की चूड़ियाँ'**

प्रश्न-7 किसी व्यक्ति, वस्तु, स्थान, प्राणी अथवा भाव को संज्ञा कहते हैं। संज्ञा के मुख्यत: तीन भेद हैं- व्यक्तिवाचक संज्ञा, जातिवाचक और भाववाचक संज्ञा। निम्नलिखित उदाहरणों में संज्ञा के भेद लिखिए।

| शब्द | संज्ञा के भेद |
|---|---|
| (क) बदलू | |
| (ख) स्त्रियाँ | |
| (ग) व्यथा | |
| (घ) जनार्दन | |
| (ङ) सुंदरता | |

प्रश्न-8 निम्निलखत शब्दों के विलोम शब्द बताइए।

| शब्द | विलोम शब्द |
|---|---|
| (क) कोमल | |
| (ख) उन्नति | |
| (ग) पतन | |
| (घ) साहसी | |
| (ङ) स्थिर | |

प्रश्न-9 निम्निलखत रिश्तों का विस्तार बताइए।

| शब्द | संबंध |
|---|---|
| (क) मामा | |
| (ख) बुआ | |
| (ग) नानी | |
| (घ) दादा | |
| (ङ) मौसा | |

प्रश्न-10 निम्निलखत एक शब्द के लिए अनेक शब्दों का प्रयोग कीजिए।

| शिल्पकार | कार्य |
|---|---|
| (क) मूर्तिकार | |
| (ख) चित्रकार | |

(ग) कवयित्री

(घ) अभिनेत्री

(ङ) संगीतकार

**प्रश्न-11 निम्नलिखत पुलिंग शब्दों के स्त्रीलिंग रूप लिखिए।**

| शब्द | संबंध |
|---|---|
| (क) सिंह | |
| (ख) लेखक | |
| (ग) नायक | |
| (घ) हाथी | |
| (ङ) मालिक | |

**प्रश्न-12 निम्नलिखत स्त्रीलिंग शब्दों के पुलिंग रूप लिखिए।**

| शब्द | संबंध |
|---|---|
| (क) देवरानी | |
| (ख) राजकुमार | |
| (ग) अभिनेत्री | |
| (घ) रूपवती | |
| (ङ) श्रीमती | |

**प्रश्न-13 दिए गए शब्दों को वाक्यों में प्रयोग कीजिए।**

| शब्द | वाक्य-प्रयोग |
|---|---|
| (क) बेलननुमा | |
| (ख) पैतृक | |
| (ग) फिसलकर | |
| (घ) मुखातिब | |
| (ङ) मरहम-पट्टी | |

## ‘बस की यात्रा’

**प्रश्न-14 निम्नलिखत शब्दों के एक से अधिक अर्थ बताइए।**

| शब्द | एक से अधिक अर्थ |
|---|---|
| (क) हार | |
| (ख) जल | |
| (ग) इंदु | |
| (घ) काल | |
| (ङ) घट | |

**प्रश्न-15 रेखांकित शब्दों में सर्वनाम के भेद लिखिए।**

| शब्द | सर्वनाम के भेद |
|---|---|
| (क) <u>मैं</u> आपकी परेशानी समझ सकता हूँ। | |
| (ख) मेहमान <u>स्वयं</u> चले जाएँगे। | |
| (ग) पानीपत का प्रथम युद्ध <u>कब</u> हुआ था? | |
| (घ) बगीचे में <u>कोई</u> खेल रहा है? | |

(ङ) जो पढ़ेगा वह आगे बढ़ेगा।

**प्रश्न-16 निम्नलिखत वाक्यों को शुद्ध कीजिए।**

| अशुद्ध वाक्य | शुद्ध वाक्य |
|---|---|
| (क) बस में भीड़ भरी थी। | |
| (ख) बस का किराया केवल दस रुपये मात्र था। | |
| (ग) बस पूजा के योग्य पूजनीय थी। | |
| (घ) बस सड़क के ऊपर दौड़ रही थी। | |
| (ङ) मनोरम बस से दृश्य लुभावने लग रहे थे। | |

**प्रश्न-17 निम्नलिखत वाक्यों में कारक का उचित प्रयोग कीजिए।**

| अशुद्ध वाक्य | कारक का उचित प्रयोग |
|---|---|
| (क) शाम में घूमना चाहिए। | |
| (ख) वह दरवाजे के ऊपर बैठ गया। | |
| (ग) सोनम नदी पर कूद पड़ी। | |
| (घ) लेखक खिड़की में झाँकने लगा। | |
| (ङ) कुछ लोग घर से घुस गए। | |

**प्रश्न-18 दिए गए शब्दों में उपसर्ग जोड़कर नए शब्द लिखिए ।**

| अशुद्ध वाक्य | नए शब्द |
|---|---|
| (क) प्र = हार, चार | |
| (ख) उप = हार, चार | |
| (ग) वि = हार, चार | |
| (घ) सं = हार, चार | |
| (ङ) आ = हार, चार | |

## **'दीवानों की हस्ती'**

**प्रश्न-19 निम्नलिखित काव्य-पंक्तियों को अगली पंक्ति से पूरा कीजिए।**

| पंक्तियाँ | अगली पंक्ति |
|---|---|
| (क) मस्ती का आलम साथ चला, | |
| (ख) सब कहते ही रह गए, अरे, | |
| (ग) जग से उसका कुछ लिए चले, | |
| (घ) छककर सुख-दुःख के घूँटों को | |
| (ङ) हम स्वयं बंधे थे और स्वयं | |

**प्रश्न-20 क्रिया के मूल रूप में कर जोड़कर लिखने से वह पूर्वकालिक क्रिया बन जाती है। जैसे- गा + कर = गाकर, भाग + कर = भागकर। नीचे दिए गए क्रिया शब्दों को पूर्वकालिक क्रिया में बदलिए।**

| क्रिया शब्द | पूर्वकालिक क्रिया |
|---|---|
| (क) देखना | |
| (ख) दौड़ना | |
| (ग) लिखना | |
| (घ) जीतना | |
| (ङ) जागना | |

प्रश्न-21 निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखिए।

| शब्द | शब्दार्थ |
|---|---|
| (क) आलम | |
| (ख) छककर | |
| (ग) आबाद | |
| (घ) स्वच्छंद | |
| (ङ) निसानी | |

प्रश्न-22 निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द बताइए।

| शब्द | विलोम शब्द |
|---|---|
| (क) अपना | |
| (ख) स्वतंत्रता | |
| (ग) आबाद | |
| (घ) खोना | |
| (ङ) उत्थान | |

प्रश्न-23 दिए गए शब्द-समूह के लिए एक शब्द बताइए।

| शब्द-समूह | एक शब्द |
|---|---|
| (क) जिसकी तुलना न की जा सके | |
| (ख) जो दूसरों की भलाई करे | |
| (ग) जो अपने मन के अनुसार कार्य करे | |
| (घ) जिसमें कोई विकार न हो | |
| (ङ) जिसने अभी जन्म लिया हो | |

## 'चिट्ठियों की अनूठी दुनिया'

प्रश्न-24 दी गई भाषाओं में पत्र के नाम बताइए।

| भाषा | अन्य नाम |
|---|---|
| (क) तमिल | |
| (ख) संस्कृत | |
| (ग) कन्नड़ | |
| (घ) उर्दू | |
| (ङ) तेलुगु | |

प्रश्न-25 संचार के निम्नलिखित साधनों की उपयोगिता लिखिए।

| संचार के साधन | अन्य नाम |
|---|---|
| (क) पत्रिका | |
| (ख) समाचार पत्र | |
| (ग) टेलीविजन | |
| (घ) रेडियो | |
| (ङ) मोबाइल फोन | |

प्रश्न-26 निम्नलिखित का आशय स्पष्ट कीजिए।

| नाम/शब्द | आशय |
|---|---|
| (क) ई-मेल (E-mail) | |
| (ख) एस एम एस (SMS) | |
| (ग) गूगल (Google) | |
| (घ) ई-पत्रिका (E-magazine) | |
| (ङ) ए टी एम (ATM) | |

प्रश्न-27 दो शब्दों को जोड़कर एक नया शब्द बनाया जाता है जिसे यौगिक शब्द कहते हैं। कुछ विशेष शब्दों के बाद 'पत्र' जोड़कर यौगिक शब्द बनाइए और अर्थ भी बताइए।

| यौगिक शब्द | अर्थ |
|---|---|
| (क) प्रमाण+पत्र = | |
| (ख) समाचार+पत्र = | |
| (ग) प्रशस्ति+पत्र = | |
| (घ) स्मार+पत्र = | |
| (ङ) शोक+पत्र = | |

प्रश्न-28 निम्नलिखित शब्दों में 'इक' प्रत्यय जोड़कर नए शब्द बनाइए।

| शब्द | | नए शब्द |
|---|---|---|
| (क) अर्थ+इक, | समाज+इक | |
| (ख) दिन+इक, | नीति+इक | |
| (ग) पुराण+इक, | भूगोल+इक | |
| (घ) सेना+इक, | लोक+इक | |
| (ङ) उद्योग+इक, | जीव+इक | |

प्रश्न-29 ह्रस्व या दीर्घ अ, इ तथा उ के बाद यदि ह्रस्व या दीर्घ अ, इ तथा उ आए तो दोनों के स्थान पर दीर्घ आ, ई, ऊ हो जाता है। इसे ही दीर्घ स्वर संधि कहते हैं। जैसे- महा + आत्मा = महात्मा

| संधि कीजिए- | | शब्द |
|---|---|---|
| (क) देव+आलय , | धन+अर्थी | |
| (ख) योजना+अवधि, | विद्या+अभ्यास | |
| (ग) कपि+ईश, | रवि+इंद्र | |
| (घ) नदी+ईश्वर, | रजनी+ईश | |
| (ङ) वधू+उत्सव, | भानु+उदय | |

## 'भगवान के डाकिए'

प्रश्न-30 निम्नलिखित शब्दों के तीन-तीन पर्यायवाची शब्द लिखिए।

| शब्द | पर्यायवाची शब्द |
|---|---|
| (क) पहाड़ | |
| (ख) बादल | |
| (ग) पक्षी | |
| (घ) पानी | |
| (ङ) ईश्वर | |

**प्रश्न-31 रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए।**

(क) ..............................., ये भगवान के डाकिए हैं।

(ख) ......................................, पेड़, पौधे, पानी और पहाड़ बाँचते हैं।

(ग) ............................................, दूसरे देश को सुगंध भेजती है।

(घ) ..................................................., दूसरे देश में पानी बनकर गिरता है।

(ङ) ...................................................., पक्षियों की पाँखों पर तिरता है।

**प्रश्न-32 निम्नलिखित शब्दों को शुद्ध करके लिखिए।**

| अशुद्ध शब्द | शुद्ध शब्द |
|---|---|
| (क) पक्षिओं | |
| (ख) पिरथवी | |
| (ग) चिठियाँ | |
| (घ) सोरभ | |
| (ङ) महादेस | |

**प्रश्न-33 प्रस्तुत पाठ से द्वंद्व समास का विग्रह कीजिए।**

| द्वंद्व समास | समास-विग्रह |
|---|---|
| (क) पक्षी-बादल | |
| (ख) पेड़-पौधे | |
| (ग) पानी-पहाड़ | |
| (घ) देश-विदेश | |
| (ङ) आज-कल | |

## 'क्या निराश हुआ जाए'

**प्रश्न-34 निम्नलिखित संज्ञा शब्दों को विशेषण में बदलिए।**

| संज्ञा शब्द | विशेषण |
|---|---|
| (क) ईमानदारी | |
| (ख) अभद्रता | |
| (ग) स्वास्थ्य | |
| (घ) चमक | |
| (ङ) सच्चाई | |

**प्रश्न-35 दिए गए वाक्य में उचित विराम चिह्न लगाइए। (। ! , " ")**

पंडित जी बच्चों का रोना मुझसे देखा नहीं गया वहीं दूध मिल गया थोड़ा लेता आया

**प्रश्न-36 निम्नलिखित पुनरुक्त शब्दों का वाक्य-प्रयोग कीजिए।**

| पुनरुक्त शब्द | वाक्य-प्रयोग |
|---|---|
| (क) कभी-कभी | |
| (ख) पानी-पानी | |
| (ग) जल्दी-जल्दी | |
| (घ) भीतर-भीतर | |

**प्रश्न-37 निम्नलिखित शब्दों को बहुवचन में बदलिए।**

| शब्द | बहुवचन |
|---|---|
| (क) वस्तु | |
| (ख) मनुष्य | |
| (ग) समस्या | |
| (घ) नौजवान | |
| (ङ) घटना | |

**प्रश्न-38 समान संयुक्त व्यंजन वर्णों वाले शब्द लिखिए। जैसे- सज्जन, वल्लभ**

(क)
(ख)
(ग)
(घ)
(ङ)

**प्रश्न-39 जिस समास का पहला पद संख्यावाची और दूसरा पद प्रधान होता है, उसे द्विगु समास कहते हैं। जैसे- त्रिभुवन अर्थात तीन भुवनों का समूह, पंचवटी अर्थात पाँच वटों का समूह। द्विगु समास के पाँच उदाहरण लिखकर समास-विग्रह कीजिए।**

| द्विगु समास | समास-विग्रह |
|---|---|
| (क) | |
| (ख) | |
| (ग) | |
| (घ) | |
| (ङ) | |

**प्रश्न-40 जब अ या आ के बाद यदि भिन्न स्वर इ या ई आए तो दोनों के स्थान पर 'ए' तथा उ या ऊ आए तो 'ओ' हो जाता है, उसे गुण संधि कहते हैं। जैसे- शुभ + इच्छा = शुभेच्छा, महा + इंद्र = महेंद्र, सूर्य + उदय = सूर्योदय, पद + उन्नति = पदोन्नति। निम्लिखित शब्दों में संधि-विच्छेद कीजिए।**

| शब्द | संधि-विच्छेद |
|---|---|
| (क) रमेश | |
| (ख) योगेश्वर | |
| (ग) सुरेन्द्र | |
| (घ) हर्षोल्लास | |
| (ङ) रोगोपचार | |

## 'यह सबसे कठिन समय नहीं'

**प्रश्न-41 अभी भी चिड़िया की चोंच में तिनका दबा है। 'अभी भी' का प्रयोग करते हुए अन्य पाँच वाक्य लिखिए।**

(क)
(ख)
(ग)

(घ)

(ङ)

प्रश्न-42 एक शब्द के लिए अनेक शब्द लिखिए।

| एक शब्द | अनेक शब्द |
|---|---|
| (क) गगनचुंबी | |
| (ख) अभिनेता | |
| (ग) महात्मा | |
| (घ) नभचर | |
| (ङ) पारदर्शी | |

प्रश्न-43 काल के आधार पर क्रिया के मुख्यतः तीन भेद हैं- वर्तमान काल, भूतकाल और भविष्यकाल। उक्त आधार पर दिए गए वाक्यों का वाक्य-भेद बताइए।

| वाक्य | क्रिया-भेद |
|---|---|
| (क) चिड़िया की चोंच में अभी भी तिनका दबा है। | |
| (ख) रेलगाड़ी अपने गंतव्य तक जाएगी। | |
| (ग) हर कोई सूरज डूबने की प्रतीक्षा कर रहा था। | |
| (घ) अंतरिक्ष के पार से बच्चों के लिए एक बस आएगी। | |
| (ङ) इस कविता में आशावादी भावनाएँ हैं। | |

प्रश्न-44 प्रयोग के आधार पर शब्द के दो भेद हैं- विकारी शब्द और अविकारी शब्द। पुन: विकारी शब्द के चार भेद हैं - संज्ञा, सर्वनाम, विशेषण और क्रिया। निम्नलिखित शब्दों में विकारी शब्द के भेद बताइए।

| शब्द | शब्द-भेद |
|---|---|
| (क) कठिन | |
| (ख) सूरज | |
| (ग) कोई | |
| (घ) चिड़िया | |
| (ङ) कहना | |

प्रश्न-45 'अ' उपसर्ग जोड़कर दिए गए शब्दों के विलोम शब्द लिखिए। जैसे सत्य, अ+सत्य = असत्य

| शब्द | विलोम शब्द |
|---|---|
| (क) शांति | |
| (ख) कारण | |
| (ग) हिंसा | |
| (घ) धर्म | |
| (ङ) पर्याप्त | |

## 'कबीर की साखियाँ'

प्रश्न-46 दिए गए शब्दों के एक से अधिक अर्थ बताइए।

| शब्द | एक से अधिक अर्थ |
|---|---|
| (क) दल | |
| (ख) अरुण | |

(ग) घट

(घ) कनक

(ङ) गुरु

**प्रश्न-47 सूची-1 के शब्दों से सूची-2 में दिए गए शब्दों का मिलान कीजिए।**

| सूची-1 | सूची-2 |
|---|---|
| (क) चक्र | मूर्तियाँ |
| (ख) नेत्र | पंक्तियाँ |
| (ग) मंदिर | जातियाँ |
| (घ) अनुच्छेद | तीलियाँ |
| (ङ) समाज | पुतलियाँ |

**प्रश्न-48 दिए गए शब्दों के शुद्ध रूप लिखिए।**

| शब्द | शुद्ध रूप |
|---|---|
| (क) सुमिरन | |
| (ख) तरवारि | |
| (ग) दिसि | |
| (घ) परगट | |
| (ङ) पाथर | |

**प्रश्न-49 निम्नलिखित दोहों की अगली पंक्ति बताइए।**

| पहली पंक्ति | अगली पंक्ति |
|---|---|
| (क) जाति न पूछो साध की, पूछ लीजिए ज्ञान। | |
| (ख) बुरा जो देखन मैं चला, बुरा न मिलिया कोय। | |
| (ग) जग में बैरी कोइ नहीं, जो मन सीतल होय। | |
| (घ) सुख में सुमिरन सब करैं, दुःख में करे न कोय। | |
| (ङ) माला तो कर में फिरै, जीभि फिरै मुख माँहिं। | |

**प्रश्न-50 कबीर के विषय में निम्नांकित बिन्दुओं की जानकारी दीजिए।**

(क) जन्म वर्ष

(ख) जन्म स्थान

(ग) शिक्षा

(घ) माता-पिता

(ङ) गुरु

## ‘कामचोर’

**प्रश्न-51 ‘अध’ उपसर्ग का प्रयोग आधा के अर्थ में होता है। दिए गए शब्दों का आशय स्पष्ट कीजिए।**

(क) अधपका

(ख) अधमरा

(ग) अधखिला

(घ) अधबुझी

(ङ) अधखुला

प्रश्न-52 निम्नलिखित उपसर्गों से चार-चार शब्द बनाइए।

| उपसर्ग | शब्द |
|---|---|
| (क) बे | |
| (ख) बद | |
| (ग) बा | |
| (घ) हम | |
| (ङ) खुश | |

प्रश्न-53 अक्षरों पर मात्रा परिवर्तन करने से अर्थ में परिवर्तन हो जाता है। दिए गए उदाहरण के अनुसार मात्रा परिवर्तन कीजिए और अर्थ बताइए। जैसे- वीणा - वाणी

| शब्द | अर्थ |
|---|---|
| (क) पीना - | |
| (ख) हीरा - | |
| (ग) गीला - | |
| (घ) मीना - | |
| (ङ) जीरा - | |

प्रश्न-54 संज्ञा शब्दों को क्रिया शब्दों में आसानी से बदला जा सकता है, जिसे नामधातु क्रिया कहा जाता है। जैसे- हाथ से हथियाना। इसी तरह संज्ञा शब्दों को क्रिया में बदलिए।

| संज्ञा | क्रिया |
|---|---|
| (क) बात | |
| (ख) साठ | |
| (ग) गाँठ | |
| (घ) मिट्टी/माटी | |
| (ङ) पानी | |

प्रश्न-55 जिस समास में कारक चिह्न का लोप होता और अंतिम पद प्रधान होता है उसे तत्पुरुष समास कहते हैं। जैसे - रसोई के लिए घर = रसोईघर। दिए गए तत्पुरुष समास का समास-विग्रह कीजिए ।

| समास | समास-विग्रह |
|---|---|
| (क) धनहीन | |
| (ख) देशभक्ति | |
| (ग) जलधारा | |
| (घ) आपबीती | |
| (ङ) शरणागत | |

प्रश्न-56 कंटक, अमृत, आश्चर्य, घृत, ग्राम, आग, अटारी, आम, धुआँ, चिड़िया तत्सम और तद्भव शब्दों को अलग करके लिखिए।

| तत्सम शब्द | तद्भव शब्द |
|---|---|
| (क) | (क) |

| | |
|---|---|
| (ख) | (ख) |
| (ग) | (ग) |
| (घ) | (घ) |
| (ङ) | (ङ) |

**'जब सिनेमा ने बोलना सीखा'**

प्रश्न-57 दिए गए शब्दों की वर्तनी सही करके लिखिए।

| शब्द | सही वर्तनी |
|---|---|
| (क) परदर्शित | |
| (ख) इतिहासिक | |
| (ग) कृतिम | |
| (घ) निरमाता | |
| (ङ) अभीनेत्रि | |

प्रश्न-58 दिए गए उपसर्गों से तीन-तीन शब्द बनाइए।

| उपसर्ग | शब्द |
|---|---|
| (क) अभि | |
| (ख) उप | |
| (ग) सह | |
| (घ) प्रति | |
| (ङ) सु | |

प्रश्न-59 निम्नलिखित शब्दों में 'ई' प्रत्यय जोड़कर विशेषण शब्द बनाइए।

| शब्द | विशेषण |
|---|---|
| (क) ईरान | |
| (ख) विदेश | |
| (ग) गुण | |
| (घ) प्रेम | |
| (ङ) संयम | |

प्रश्न-60 जिस समास में कोई पद प्रधान नहीं होता बल्कि अन्य पद की ओर संकेत होता है, उसे बहुब्रीहि समास कहते हैं। जैसे- गजानन - गज का आनन है जिसका अर्थात गणेश। दिए गए बहुब्रीहि समास का समास विग्रह कीजिए।

| बहुब्रीहि समास | समास-विग्रह |
|---|---|
| (क) त्रिलोचन | |
| (ख) मुरलीधर | |
| (ग) सूर्यपुत्र | |

(घ) शैलनंदिनी

(ङ) वाग्देवी

प्रश्न-61 फिल्म क्षेत्र से संबंधित दस शब्दों की सूची बनाइए।

| | |
|---|---|
| (1) | (6) |
| (2) | (7) |
| (3) | (8) |
| (4) | (9) |
| (5) | (10) |

प्रश्न-62 बच्चों के लिए बनाई गई अपनी पसंदीदा फिल्म के विषय में एक अनुच्छेद लिखिए।

फिल्म का नाम :

## 'सुदामा चरित'

प्रश्न-63 दिए गए शब्दों के शब्दार्थ लिखकर वाक्य-प्रयोग कीजिए।

| शब्द | शब्दार्थ और वाक्य-प्रयोग |
|---|---|
| (1) पगा | |
| (2) दुपटी | |
| (3) उपानह | |
| (4) पोटरि | |
| (5) तंदुल | |

प्रश्न-64 निम्नलिखित शब्दों के शुद्ध रूप लिखिए।

| शब्द | शब्दार्थ और वाक्य-प्रयोग |
|---|---|
| (1) मारग | |
| (2) करुनानिधि | |
| (3) परताप | |
| (4) पाछिली | |
| (5) कछू | |

प्रश्न-65 करुना करिकै करुनानिधि रोए' - 'क' वर्ण की आवृत्ति होने के कारण यहाँ अनुप्रास अलंकार है। पाठ से अनुप्रास अलंकार युक्त पंक्तियाँ लिखिए।

अनुप्रास अलंकार युक्त पंक्तियाँ

(1)

(2)

(3)

(4)

(5)

प्रश्न-66 दिए गए शब्दों के दो-दो पर्यायवाची शब्द बताइए।

| शब्द | पर्यायवाची शब्द |
|---|---|
| (1) कपड़ा | |
| (2) वसुधा | |
| (3) श्रीकृष्ण | |
| (4) घोड़ा | |
| (5) हाथी | |

प्रश्न-67 श्रीकृष्ण और सुदामा की मित्रता के विषय में एक अनुच्छेद लिखिए।

श्रीकृष्ण और सुदामा की मित्रता :

**'जहाँ पहिया है'**

प्रश्न-68 मुहावरा अपना सामान्य अर्थ छोड़कर एक विशिष्ट अर्थ देता है। जैसे- डंका बजाना। इसका अर्थ है - प्रभाव जमाना। दिए गए मुहावरों का अर्थ लिखकर वाक्य-प्रयोग कीजिए।

| शब्द | अर्थ और वाक्य-प्रयोग |
|---|---|
| (1) पासा पलटना | |
| (2) आँखों में धूल झोंकना | |
| (3) पिंड छुड़ाना | |
| (4) टक्कर लेना | |
| (5) कमर कसना | |

प्रश्न-69 दिए गए शब्दों से उपसर्ग और मूल शब्द अलग करके लिखिए।

| शब्द | उपसर्ग और मूल शब्द |
|---|---|
| (1) प्रतिमान | |

(2) परिवहन

(3) पराजय

(4) प्रशिक्षण

(5) उपलब्धि

**प्रश्न-70 निम्नलिखित शब्दों को संज्ञा शब्द में बदलिए ।**

| विशेषण शब्द | संज्ञा शब्द |
| --- | --- |
| (1) कुशल | |
| (2) सुंदर | |
| (3) रंगीन | |
| (4) लालिमा | |
| (5) उल्लासित | |

**प्रश्न-71 कुछ शब्द पढ़ने और सुनने में एक जैसे लगते हैं किन्तु उनके अर्थ में अंतर होता है। ऐसे शब्दों को समश्रुत भिन्नार्थक शब्द कहा जाता है। निम्नलिखित शब्दों का अर्थ स्पष्ट कीजिए।**

| शब्द-युग्म | भिन्न अर्थ |
| --- | --- |
| (1) अचार - आचार | |
| (2) उद्धार - उधार | |
| (3) कृपण - कृपाण | |
| (4) केश - केस | |
| (5) चिर - चीर | |

**प्रश्न-72 निम्नलिखित वाक्यों में 'आप' के स्थान पर 'मैं' का प्रयोग करके वाक्य दोबारा लिखिए ।**

| आप (प्रथम पुरुष) | मैं (उत्तम पुरुष) |
| --- | --- |
| (1) आप बहुत चतुर हैं। | |
| (2) आप घर में रहेंगे। | |
| (3) आपने अपनी कला दिखाई। | |
| (4) आप पर पूरा विश्वास था। | |
| (5) यह घर आपके रहने के लिए है। | |

## 'अकबरी लोटा'

**प्रश्न-73 दिए गए उर्दू शब्दों के हिन्दी अर्थ बताइए।**

| उर्दू शब्द | हिन्दी अर्थ |
| --- | --- |
| (1) अदब | |
| (2) क़ायदा | |
| (3) शख्स | |
| (4) ईजाद | |

(5) शायद

प्रश्न-74 हाथ धोना, हाथ मिलाना, हाथ उठाना, हाथ फैलाना - ये सभी सामान्य अर्थ न देकर विशेष अर्थ का बोध कराते हैं। इसी तरह 'आँख' शब्द से जुड़े मुहावरे खोजकर लिखिए और अर्थ बताइए।

| मुहावरा | मुहावरे का अर्थ |
|---|---|
| (1) | |
| (2) | |
| (3) | |
| (4) | |
| (5) | |

प्रश्न-75 जिस समास में पहला पद विशेषण और दूसरा पद विशेष्य होता है, उसे कर्मधारय समास कहते हैं। जैसे- नीलकमल अर्थात नीला है जो कमल। दिए गए कर्मधारय समासका समास-विग्रह कीजिए।

| कर्मधारय समास | समास-विग्रह |
|---|---|
| (1) महावीर | |
| (2) कालीमिर्च | |
| (3) नीलगगन | |
| (4) श्वेताम्बर | |
| (5) कनकलता | |

प्रश्न-76 'अकबरी लोटा' में 'अकबरी' विशेषण और 'लोटा' विशेष्य है। सम्राट अकबर से जुड़ी हुई वस्तुओं से 'अकबरी' विशेषण जोड़कर अन्य विशेषण-विशेष्य युग्म तैयार करिए।

| विशेषण + संज्ञा | विशेषण-विशेष्य |
|---|---|
| (1) | |
| (2) | |
| (3) | |
| (4) | |
| (5) | |

प्रश्न-77 निम्नलिखित वाक्य में दिए गए विराम चिह्नों का उचित प्रयोग कीजिए। (, । " " ?)

वाह आप कैसे खरीदेंगे मैं खरीदूंगा यह मेरा हक़ है

प्रश्न-78 बादशाह बाबर से लेकर औरंगजेब तक मुग़ल शासकों के नाम लिखिए।

**‘सूरदास के पद’**

प्रश्न-79 ‘मुरली धारण करने वाला’ - शब्दों के इस समूह के लिए एक शब्द है ‘मुरलीधर’। इसी तरह अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखिए ।

| अनेक शब्द | एक शब्द |
|---|---|
| (1) अंडे से जन्म लेने वाला | |
| (2) जानने की इच्छा रखने वाला | |
| (3) फल खाकर रहने वाला | |
| (4) सोने जैसे रंग वाला | |
| (5) त्रिशूल धारण करने वाला | |

प्रश्न-80 दिए गए शब्दों के शब्दार्थ बताइए।

| शब्द | शब्दार्थ |
|---|---|
| (1) कबहिं | |
| (2) काँचौ | |
| (3) किवारि | |
| (4) हटकि | |
| (5) अनोखौ | |

प्रश्न-81 निम्नलिखित शब्दों के शुद्ध रूप बताइए।

| शब्द | शब्दार्थ |
|---|---|
| (1) लाँबी | |
| (2) नागिनी | |
| (3) जोटी | |
| (4) सखनि | |
| (5) स्याम | |

प्रश्न-82 दिए गए शब्दों के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखिए।

| शब्द | पर्यायवाची शब्द |
|---|---|
| (1) भौंरा | |
| (2) चंद्रमा | |
| (3) भूमि | |
| (4) माँ | |
| (5) पुत्र | |

प्रश्न-83 सूरदास द्वारा रचित पदों से वात्सल्य रस की प्रधानता वाले कोई दो पद लिखिए।

**'पानी की कहानी'**

प्रश्न-84 संज्ञा या सर्वनाम के साथ वाक्य के अन्य शब्दों का संबंध बोध कराने वाले तत्व को 'कारक' कहते हैं। दिए गए वाक्यों में कारक बताइए।

| वाक्य | पर्यायवाची शब्द |
|---|---|
| (1) उसे एक <u>कोठरी में</u> बंद किया गया। | |
| (2) वह <u>पानी के लिए</u> आगे चल पड़ी। | |
| (3) पृथ्वी अपनी <u>धुरी पर</u> घूमती है। | |
| (4) वर्षों पहले धरती <u>आग का गोला</u> थी। | |
| (5) एक दिन कुछ बूँदें <u>पेड़ से टपक</u> पड़ीं। | |

प्रश्न-85 कारक संबंधी अशुद्धि को दूर करके शुद्ध वाक्य लिखिए।

| वाक्य | शुद्ध वाक्य |
|---|---|
| (1) मुझको बहुत बल है। | |
| (2) हिमालय में गंगा निकलती है। | |
| (3) बंदर पेड़ में रहता था। | |
| (4) वह बस पर जाएगा। | |
| (5) गंगा की जल पवित्र होता है। | |

प्रश्न-86 निम्नलिखित शब्दों के स्त्रीलिंग रूप बताइए।

| शब्द | स्त्रीलिंग |
|---|---|
| (1) नौकर | |
| (2) कवि | |
| (3) सम्राट | |
| (4) देवता | |
| (5) अभिनेता | |

प्रश्न-87 दिए गए विशेषण शब्द की अवस्थाएँ लिखिए। जैसे - अधिक, अधिकतर, अधिकतम

(1) श्रेष्ठ

(2) उच्च

(3) कोमल

(4) सरल

(5) निकट

प्रश्न-88 दिए गए शब्दों को बहुवचन में बदलिए।

(1) किरण

(2) संख्या

(3) पत्ती

(4) बालिका

(5) वधू

**'बाज और साँप'**

प्रश्न-89 निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द बताइए ।

(1) उन्नति

(2) अनुज

(3) विजयी

(4) सघन

(5) परिश्रमी

प्रश्न-90 निम्नलिखित शब्द युग्मों के अर्थ समझाइए।

(1) अलि - अली

(2) सूत - सूत

(3) अपेक्षा - उपेक्षा

(4) कुल - कूल

(5) सूर - सुर

प्रश्न-91 दिए गए शब्दों में 'मय' और 'प्रद' प्रत्यय जोड़कर नए शब्द लिखिए। जैसे- सुख : सुखमय, सुखप्रद

| शब्द | 'मय' और 'प्रद' प्रत्यय युक्त शब्द |
|---|---|
| (1) कष्ट | |
| (2) आनंद | |
| (3) करुणा | |
| (4) शांति | |
| (5) संतोष | |

प्रश्न-92 निम्नलिखित शब्दों को एकवचन में बदलिए ।

| शब्द | एकवचन |
|---|---|
| (1) प्राणियों | |
| (2) आँसुओं | |
| (3) भूमिकाएँ | |
| (4) श्रृंखलाएँ | |
| (5) हथकड़ियाँ | |

प्रश्न-93 जिस समास का पहला पद अव्यय होता है, उसे अव्ययीभाव समास कहा जाता है। जैसे - आजीवन अर्थात जीवन भर। दिए गए सामासिक पदों को अव्ययीभाव समास में बदलिए।

| सामासिक पद | अव्ययीभाव समास |
|---|---|
| (1) बिना कारण के | |
| (2) शक्ति के अनुसार | |
| (3) सम्मान के साथ | |
| (4) पाप से रहित | |
| (5) बिना पता के | |

**'टोपी'**

प्रश्न-94 निम्नलिखित ग्रामीण शब्दावली को मानक हिन्दी में लिखिए।

| ग्रामीण शब्दावली | मानक हिन्दी |
|---|---|
| (1) मजूरी | |
| (2) मुलुक | |
| (3) पाखी | |
| (4) खमा | |
| (5) मानुस | |

प्रश्न-95 प्रस्तुत पाठ से तुकबंदी वाली पंक्तियाँ लिखिए। जैसे - "कुछ देना, न लेना .. भर माथे पसीना"

(1)

(2)

(3)

(4)

(5)

प्रश्न-96 निम्नलिखित संख्याओं को क्रमसूचक संख्या में बदलिए।

| संख्या | क्रमसूचक संख्या |
|---|---|
| (1) एक | |
| (2) तीन | |
| (3) आठ | |
| (4) सत्रह | |
| (5) बीस | |

प्रश्न-97 निम्नलिखित संख्याओं को क्रमसूचक संख्या में बदलिए।

| शब्द | शब्दार्थ |
|---|---|
| (1) भिनसार | |

(2) लटजीरा

(3) लफड़ा

(4) चाम

(5) दबीज

प्रश्न-98 सिलाई-कढ़ाई के काम आने वाली पाँच वस्तुओं के नाम लिखकर उनके चित्र भी बनाइए।

| वस्तुओं के नाम | काम तथा चित्र |
|---|---|
| (1) | |
| (2) | |
| (3) | |
| (4) | |
| (5) | |

## अतिरिक्त प्रश्न

प्रश्न-99 'अनु' पीछे के अर्थ में प्रयोग किया जाता है। जैसे - अनुचर, अनुसार। अन्य दस शब्द लिखिए।

| | |
|---|---|
| (1) | (6) |
| (2) | (7) |
| (3) | (8) |
| (4) | (9) |
| (5) | (10) |

प्रश्न-100 क्रिकेट का आँखों देखा हाल सुनना बहुत रोचक होता है। इस खेल से जुड़े दस शब्द लिखिए।

| | |
|---|---|
| (1) | (6) |
| (2) | (7) |
| (3) | (8) |
| (4) | (9) |
| (5) | (10) |

प्रश्न-101 अशुद्ध वाक्यों को शुद्ध कीजिए।

| अशुद्ध वाक्य | शुद्ध वाक्य |
|---|---|
| (1) तीन कुर्सी ले जाओ। | |
| (2) पाँच गाय चर रही हैं। | |
| (3) दस प्याला टूट गए। | |
| (4) चार गद्दा ले लो। | |
| (5) आठ लोग के लिए चाय बना दीजिए। | |

प्रश्न-102 क्रिया शब्दों को संज्ञा शब्दों में बदला जा सकता है। जैसे- क्रिया : खेलना - संज्ञा : खेल

निम्नलिखित क्रिया शब्दों को संज्ञा में बदलिए-

| क्रिया | संज्ञा |
|---|---|
| (1) जीतना | |
| (2) दौड़ना | |
| (3) हँसना | |
| (4) लिखना | |
| (5) उड़ना | |

प्रश्न-103 किसी ऐतिहासिक स्थान की यात्रा करके लौटने के बाद वह स्थान क्यों प्रसिद्ध है, इस विषय पर अपने दादाजी या नानाजी को लिखकर बताइए।

प्रश्न-104 कोई ऐसा देशभक्ति गीत अपनी कार्य-पुस्तिका में लिखिए जिसे सुनना आपको बहुत पसंद है।

प्रश्न-105 उस कविता की कुछ पंक्तियाँ लिखिए जिसे आप सदा याद रखना चाहें।

प्रश्न-106 दिए गए शब्दों को वर्णमाला के क्रम में लगाइए।

हिलोर, गीत, कंठ, चेतन, विलास, कुशल, पक्षी, चातक, शिखर, लोक।

प्रश्न-107 दिए गए शब्दों के दो अलग-अलग अर्थ बताइए।

| शब्द | अलग-अलग अर्थ |
| --- | --- |
| (1) अंबर | |
| (2) गति | |
| (3) टीका | |
| (4) मुद्रा | |
| (5) आम | |

प्रश्न-108 डॉक्टर और रोगी के बीच संवाद अपनी कार्य-पुस्तिका में लिखिए।

......................................x....................................................x...........................................

तैयारकर्ता :

सन्तोष कुमार कुशवाहा

सह-प्रशिक्षक (हिन्दी)

केन्द्रीय विद्यालय संगठन,

शिक्षा एवं प्रशिक्षण का आंचलिक संस्थान, चंडीगढ़